E-mail : eeupjnrhathras@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

भवन सं0–867 / 19, भगवन्तपुर, गुमानपुर रोड, हाथरस–204101

पत्रांकः–1278 / जनशिकायत / 47 दिनांकः– 11 / 07 / 2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः– **समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 10-07-2026 में प्रकाशित समाचार "जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही पर डी0एम0 ने जताई नाराजगीं" शीर्षक के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र भास्कर के दिनांक 10-07-2026 के संस्करण में **''डी0एम0 ने जल जीवन मिशन कार्यों का किया निरीक्षण''** शीर्षक के अन्तर्गत समाचार प्रकाशित हुआ है कि ''जिलाधिकारी महोदय ने ग्राम पंचायत चंदपा-चितावर में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पेयजल योजना का शुक्रवार की दोपहर 12:00 बजे के लगभग स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0) द्वारा कराये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाइप लाइन बिछाने, गृहजल संयोजन, ट्यूबैल स्थापना, पम्प हाउस और ओवरहैड टैंक के निर्माण की प्रगति की जाँच की। कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मौके पर ग्रामीणों से भी बातचीत की ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 06 महीने पूर्व गाँव की सडकों को खोदकर पेयजल पाइप लाइन बिछायी गयी थी, लेकिन तब से सडकों का पुर्ननिर्माण या मरम्मत नहीं की गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने के बावजूद घरों में पानी के कनैक्शन नहीं दिये गये हैं और न ही जलापूर्ति शुरू हुई है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) ने जिलाधिकारी को बताया कि इस योजना के तहत ग्राम पंचायत चंदपा और चितावर के 744 परिवारों और लगभग 4292 ग्रामीणों को घर-घर नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के अन्तर्गत 02 ट्यूबैलों का निर्माण पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने शेष पाइप लाइन, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीबॉल और अन्य बचे हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।''

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि चंदपा पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0) द्वारा निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत चंदपा एवं चितावर सम्मलित हैं। पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 नग नलकूप बोरिंग, 2 नग पम्प हाउस, 2 नग बाउन्ड्रीबॉल, 1 नग शिरोपरि जलाशय (275 के0एल0/12मी0), 15.77 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 744 नग गृह जल संयोजन के कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 02 नग नलकूप बोरिंग, 01 नग पम्प हाउस निर्माण, 01 नग शिरोपरि जलाशय निर्माण का कार्य, 9.63 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने एवं 375 नग गृह जल संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं।

योजनान्तर्गत निर्मित शिरोपरि जलाशय की सीढ़ियों की रेलिंग एवं गेट का कार्य शेष है, जिसे शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण करने हेतु फर्म को निर्देशित किया जा चुका है। योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री शासन स्तर से स्वीकृत मानाकों के अनुरूप ही प्रयुक्त की जा रही है एवं समय-समय पर टी0पी0आई0 एवं खण्ड के संबंधित सहायक अभियन्ता द्वारा निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। उक्त पेयजल योजना के शिरोपरि जलाशय की गुणवत्ता रिपोर्ट (हाइड्रो टेस्टिंग रिपोर्ट) पत्र के साथ सलग्न है।

ग्राम पंचायत चितावर में वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु मार्गो को काटा/तोडा गया था, जिन्हें वितरण प्रणाली बिछाये जाने के उपरान्त मोटरेबल करा दिया गया है। गृह जल संयोजन शेष कार्य पूर्ण कर मार्गो को पूर्व की भॉंति पुर्नस्थापित करा दिया जायेगा।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि पेयजल योजना के निर्माण कार्य हेतु पर्याप्त धनराशि की अनुप्लब्धता के कारण निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है। निर्माण कार्यो को मार्च, 2027 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है।

अतः अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत समस्त कार्यो की सतत निगरानी की जा रही है एवं प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक :- उपरोक्तानुसार**

**भवदीय**



**(मोहित कुमार)**
अधिशासी अभियन्ता

**पत्रांक व दिनॉंक उक्त।**

प्रतिलिपि :-निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. जिलाधिकारी महोदय, हाथरस।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मंडल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
5. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, हाथरस।
6. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हाथरस।



अधिशासी अभियन्ता